JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

2022 / 03 / 370–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 15.03.2022

जयपुर मेट्रो ने निभाया सामाजिक दायित्व
मृतक की पत्नी को दिया 8 लाख का इंश्योरेंस क्लेम।

जयपुर 15 मार्च। जयपुर मेट्रो परिसर में आने वाले सभी यात्रियों की सुरक्षा हेतु जयपुर मेट्रो ने इश्योरेंस कंपनी से बीमा करवा रखा है। दिनांक 09.01.2021 को एक यात्री हीरालाल जयपुर मेट्रो के न्यू आर्तिश मार्केट स्टेशन परिसर में अचानक गिर गया था। मेट्रो ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और उसे मेट्रो मास हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां दिनांक 16. 01.2021 को उनकी मुत्यु हो गई। जिसकी सूचना जयपुर मेट्रो द्वारा संबंधित इंश्योरेंस कंपनी को दी गई। जिसके अन्तर्गत जयपुर मेट्रो के प्रयासों से 8 लाख रूपये की क्लेम राशि प्राप्त हुई। मेट्रो प्रशासन द्वारा अपना दायित्व निभाते हुए 8 लाख की राशि का चैक **जयपुर मेट्रो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा** ने मृतक की पत्नी श्रीमती मीना देवी को दिया एवं दुर्घटना के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही, श्री शर्मा ने निर्देश भी प्रदान किए कि मेट्रो की सुरक्षा व्यवस्था की बेहतरी हेतु सतत् प्रयास जारी रखे जाये।

श्री अजिताभ शर्मा ने बताया कि मेट्रो प्रशासन की इस दूरदर्शी इंश्योरेंस क्लेम पॉलिसी से पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल मिल सकेगा एवं संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी भी वहन हो सकेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी